तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 30 .0 डिग्री से.

# हरिभूमि जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 6 जुलाई 2026



12 गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास....



12 एसडीएम ने सात बूथों के बीएलओ किए सम्मानित




## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने बाइक चोरी के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से बाइक चोरी के मामले में पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों के प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने जानकारी देते बताया कि गांव बहादुरगढ़ निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायतय में बताया था कि उसने अपनी बाइक सफीदों में एसबीआई बैंक के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो बाइक चोरी थी। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### सामान लेने निकली युवती लापता, केस

**जींद।** नरवाना मार्केट से सामन लेने निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत दिवस दोपहर का उसकी बेटी घर से मार्केट से सामान लाने की बात कह कर निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने पर पता चला कि कलायत निवासी केशव उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। उसकी बेटी का फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है।

### जींद: चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** थाना शहर नरवाना पुलिस ने न्यूरो थेरेपी क्लीनिक में हुई चोरी की वारदात का सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक पूर्णदास ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव फरैण कलां निवासी आशीष ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि परशुराम चौक स्थित उसकी श्वेदाशिष न्यूरो थेरेपी क्लीनिक का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर दो मसाज मशीनें, गैस सिलेंडर, गल्ले से 5,200 की नकदी तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### मां-बेटे के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने भिड़ताना गांव के जितेंद्र और उसकी मां शीला के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। भिड़ताना गांव में 25 जून को जितेंद्र की पत्नी भावना की मौत हो गई थी। इस मामले में भावना की मां सोरखी निवासी उमा देवी ने केस में बताया कि उसने बेटी की शादी चार साल पहले जितेंद्र के साथ की थी। शादी के बाद से जितेंद्र और उसकी मां शीला उसकी बेटी को दहेज के लिए तंग करते थे तथा ताने मारते थे। आरोप लगाया कि 25 जून को जितेंद्र और शीला ने उसकी बेटी भावना की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दहेज-हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से लाखों की नकदी-जेवरात उड़ाए

**कैथल।** जनेदपुर के मकान से चोर डेढ़ लाख की नकदी व सोने के गहने चोरी कर फरार हो गए। सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में जनेदपुर निवासी सुरजीत सिंह ने बताया कि 1 जुलाई को वह खेत में काम कर रहा था। उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी खाना देने गई हुई थी। आरोप है कि बाबू राम, आत्मा राम, पाऊ राम तथा सिटी सिंह ने उनके घर की खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अलमारी में रखी 1.50 लाख की नकदी तथा सोने का हार, एक जोड़ी बालियां, झुमके सोने का टीका चोरी कर लिया।

### कंटेनर और पिकअप टक्कर में एक घायल

**कैथल।** कैथल में राष्ट्रीय राजमार्ग-152 पर खड़ी पिकअप में कंटेनर की टक्कर लगने से चालक घायल हो गया। शिकायतकर्ता के अनुसार घायल को पहले नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिले के गांव बड़नपुर निवासी सोनू ने बताया कि उसकी पिकअप उसके रिश्तेदार के नाम पर पंजीकृत है।

## जींद में दोनों ही परीक्षाओं में 1165 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

# 8604 परीक्षार्थियों में से 7439 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जींद में आयोजित की गई हरियाणा पात्रता परीक्षा को लेकर जींद प्रशासन भी पास हो गया है। शनिवार को एक और रविवार को दो सत्रों में संपन्न हुई अध्यापक पात्रता परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई और यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। जिस से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। रविवार को प्रातःकालीन सत्र में लेवल 2 की परीक्षा में 6813 परीक्षार्थी एवं सायंकालीन सत्र में लेवल 1 की परीक्षा में 1791 ने परीक्षा देनी थी। जींद में रविवार को सुबह के सत्र में टीजीटी लेवल-2 परीक्षा में 837 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 6813 परीक्षार्थियों में से 5976 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसी तरह दोपहर के सत्र में पीआरटी लेवल 1 परीक्षा में कुल 1791 में से 1463 ने परीक्षा दी। जबकि 328 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों सत्रों में कुल 8604 परीक्षार्थियों में से 7439 ने परीक्षा दी और 1165 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। खुद डीसी डा. वैशाली शर्मा तथा एसपी कुलदीप सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारी भी लगातार गश्त करते रहे। परीक्षार्थियों को तीन स्तरीय जांच से गुजरना पड़ा। बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के अनुसार ही परीक्षार्थियों से परीक्षा ली गई। परीक्षा केंद्रों में प्रश्न पत्र पहुंचाने से लेकर परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीटों को भिवानी शिक्षा बोर्ड में भिजवाने तक की पूरी कार्रवाई सही तरीके से संपन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी प्रकार की अनियमितता बरते जाने की कोई शिकायत सामने नहीं आई है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए थे। कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक डिवाइस का प्रयोग न कर सके, इसके लिए जैमर लगाए गए थे। गठित उडऩदस्ते पूरा दिन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केंद्रों के पास फोटो स्टेट की दुकानें पूरी तरह से बंद रही। इसके साथ-साथ कोचिंग सेंटरों पर भी नजर रखी गई ताकि पेपर आउट होने जैसी कोई घटना न हो। एचटेट की परीक्षा के सही संचालन को लेकर डीसी, एसपी, एसडीएम व नोडल अधिकारी नियमित रूप से पुलिस के अधिकारियों के साथ बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। दोनों सत्र की परीक्षाएं सही समय पर शुरू हुई। नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू रहे। इस अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास साइबर कैफे, फोटोकॉपी, प्रिंटिंग, स्कैनिंग तथा इसी प्रकार की अन्य गतिविधियों का संचालन प्रतिबंधित रहा। अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा रविवार को भी कोई ढिलाई नहीं बरती गई। किसी भी परीक्षार्थी को बिना जांच व पड़ताल के केंद्र में नहीं जाने दिया गया। गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया गया। इस दौरान दालमवाला स्कूल में एक परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पेट दर्द की शिकायत की। जिसे उपचार दिया गया। परीक्षार्थी के आईडी प्रूफ को सख्ती से जांचा गया साथ ही परीक्षार्थी से पूछताछ भी की गई।

### डीसी-एसपी और एसडीएम ने लिया जायजा



जींद। परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते डीसी डॉ. वैशाली। फोटो :हरिभूमि

#### परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : एसपी

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि एचटेट लेवल-1 और 2 की परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर किसी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं बरती गई है। कहीं से भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

#### अधिकारी पूरी सतर्कता बरते हुए थे

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जींद में आयोजित की गई अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल 1 व लेवल 2 की परीक्षा रविवार को दो सत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने स्वयं परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। फ्लाइंग टीमें नियमित रूप से परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थीं। इसका नतीजा ये रहा कि जिला में एचटेट की परीक्षा के दौरान कोई शिकायत सामने नहीं आई है। परीक्षा को लेकर जिला अधिकारी पूरी सतर्कता बरते हुए थे।

#### गृह जिले में परीक्षा से मिली सुविधा

परीक्षा देने आई कविता व रितु ने बताया कि इससे पहले दूसरे जिलों में परीक्षाएं होती थी तो उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बसों में धक्के खाने पड़ते थे। गृह जिले में परीक्षा हुई तो घर के नजदीक ही परीक्षा देकर उन्हें सुविधा भी रही और खर्च भी नहीं आया। सरकार को चाहिए कि सभी परीक्षाएं गृह जिलों में ही ली जाएं। गृह जिले में परीक्षा होने का यह भी फायदा रहा कि परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आई।

#### परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी

रविवार को अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल वन और टू की दो परीक्षाएं प्रातःकालीन स्तर और सायंकालीन स्तर में होने के कारण परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर तैनात ड्यूटी पर सभी कर्मियों की कार्य प्रणाली का गंभीरता से आकंलन किया गया। परीक्षा को शांति पूर्ण तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती को सुनिश्चित किया गया था। जबतक परीक्षा संपन्न हुई तब तक पुलिस पीसीआर सेंटरों के बाहर मौजूद रही। वहीं खूफिया विंगों के कर्मी भी पूछताछ करते नजर आए। इसके अलावा पेट्रोलिंग पर्टियां, बाइक राइडर व पीसीआर भी पात्रता परीक्षा के समय अपने-अपने क्षेत्र मे गश्त पर रहे। परीक्षा के लिए बस स्टेंड पर विशेष इंतजाम किए गए थे। वहीं यातायात पुलिस की तरफ शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जींद शहर में नाकों पर भी अतिरिक्त पुलिस प्रबंध किया गया।

## कैथल: परीक्षा शांतिपूर्ण-नकल रहित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के तहत रविवार को जिले में लेवल-2 (टीजीटी) तथा लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल रहित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा के निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित लेवल-2 (टीजीटी) परीक्षा के लिए जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर कुल 5,392 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,748 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 644 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सायंकालीन सत्र में आयोजित लेवल-1 (पीआरटी) परीक्षा के लिए जिले के 5 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1,378 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,099 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 279 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डीसी अपराजिता ने दिनभर दोनों स्तरों की परीक्षाओं की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी तथा अधिकारियों के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पारदर्शिता एवं आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और बोर्ड के सभी दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं पारदर्शिता के व्यापक इंतजाम किए थे। सभी केंद्रों पर जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों तथा वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त बिजली, पेयजल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परीक्षा में प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की गहन फ्रिस्किंग भी सुनिश्चित की गई। पुलिस विभाग ने भी परीक्षा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस कर्मियों ने विभिन्न अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सहायता की।





कैथल। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली

जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकल रहित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा समाप्ति पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।



कैथल। परीक्षार्थियों को गाड़ी से परीक्षा केंद्र पहुंचाते पुलिस कर्मी।

#### पुलिस का आभार व्यक्त किया

महिला परीक्षार्थी ने बताया कि उसका परीक्षा केंद्र इंडस स्कूल में है और यदि उसे समय पर वहां नहीं पहुंचाया गया तो वह परीक्षा से वंचित रह सकती है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया और बिना समय गंवाए महिला परीक्षार्थी तथा उसके अभिभावक को पुलिस वाहन में बैठाकर परीक्षा केंद्र के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला परीक्षार्थी को समय पर इंडस स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र में पहुंचाया, जिससे वह समय रहते परीक्षा में शामिल हो सकी। इसके साथ साथ पुलिस चौकी अनाजमंडी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार सहित जिला पुलिस के अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा भी कई परीक्षार्थियों की सम्भव मदद की गई। कैथल पुलिस द्वारा की गई इस मदद से महिला परीक्षार्थी और उसके अभिभावक ने राहत महसूस की तथा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### कैथल पुलिस ने निभाया मानवीय धर्म लेट हो रहे अभ्यर्थियों को पहुंचाया परीक्षा केंद्र

**कैथल।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के दौरान कैथल पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए परीक्षार्थियों की हरसंभव सहायता कर सराहनीय कार्य किया। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस परीक्षा ड्यूटी के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रही तथा यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा परीक्षा से पहले ही जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एचटेट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों की हरसंभव सहायता की जाए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित तथा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके। निर्देशों की पालना करते जिले में विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस टीमों ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती से संभाला, बल्कि जरूरतमंद परीक्षार्थियों की मौके पर मदद भी की। इसी क्रम में ढांड चौक पर ड्यूटी व चेकिंग के दौरान इंस्पेक्टर ओमप्रकाश अपनी पुलिस टीम के साथ मौजूद थे। इसी दौरान एक महिला परीक्षार्थी अभिभावक के साथ उनके पास पहुंची और बताया कि वह परीक्षा के लिए लेट हो रही है तथा काफी प्रयास के बावजूद कोई वाहन उपलब्ध नहीं है।

## महिला ने ब्लैकमेल कर व्यक्ति से मांगे पच्चीस लाख, राशि न देने पर दी धमकी

- पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर महिला के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दुष्कर्म के मामले मे फंसाने की धमकी देकर व्यक्ति से 25 लाख रुपये की डिमांड करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ ब्लैकमेल करने, अवैध वसूली करने समेत समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाके एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गांव की एक महिला ने उसे हन्नी ट्रैप मे फांस लिया था। महिला ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। जब उसने डिमांड पूरी करने से मना किया तो महिला ने उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवा दिया। जिसके चलते वह सात माह तक जेल में भी रहा। जमानत पर बाहर आने के बाद अब फिर वही महिला उसे फिर से दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दे रही है। मुकद्मा दर्ज न हो इसके लिए वह 25 लाख रुपये की डिमांड कर रही है। धमकी देने तथा 25 लाख रुपये की डिमांड के सबूत उसके पास है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर आरोपित महिला के खिलाफ ब्लैकमेल करने, अवैध वसूली के लिए दबाव बनाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी सुरेद्र ने बताया की पीड़ित व्यक्ति सात माह जेल मे रह चूका है। व्यक्ति ने उसी महिला द्वारा ब्लैकमेल करने तथा 25 लाख डिमांड की शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल, कार गड्ढे में गिरी

- घायलों में एचएयू हिसार के वीसी का पीएसओ तथा चालक शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बिधराना के निकट सड़क किनारे खड़ी कार उसके साथ खड़े लोगों को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एचएयू हिसार वीसी के पीएसओ समेत तीन लोग घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एचएयू हिसार के वीसी के पीएसओ कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो जून को वह वीसी बलदेव राज के साथ चंडीगढ़ से हिसार जा रहे थे। गाड़ी को एचएयू कैम्पस निवासी हरीओम चला रहा था। गांव बिधराना के निकट हाईवे पर अचानक उनकी गाड़ी नील गाय से टकरा गई। जिसमें गाड़ी को नुकसान हुआ लेकिन वे तीनों चोटिल होने से बच गए। वीसी बलदेव राज को दूसरी गाड़ी से हिसार भेज दिया गया। उसी दौरान गांव बिधराना निवासी राजेंद्र अपनी गाड़ी लेकर वहां पर आ गया। गाड़ी को साइड में खड़ा कर वह तथा चालक हरिओम उस से बात करने लगे। उसी दौरान तेजरफ्तार अज्ञात वाहन आया और कार तथा उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वे तीनों घायल हो गए। जबकि गाड़ी गड्ढों में जा गिरी। राहगीरों ने उन्हें नागरिक अस्पताल पहुचाया। घटना को अंजाम देकर चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीएसओ कपिल की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी सर्बेद्र सिंह ने बताया कि तीनों घायल गाड़ी को साइड में खड़ा कर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हे टक्कर मार दी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



### स्पेशल ट्रेन यान से जींद जंक्शन पहुंचे उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक

## जीएम ने तैयारी-तकनीकी व्यवस्था का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय रविवार को अपने स्पेशल ट्रेन यान से जींद जंक्शन पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से यात्री सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। स्टेशन निरीक्षण के बाद महाप्रबंधक का काफिला सीधे हाइड्रोजन प्लांट पहुंचा जहां उन्होंने प्लांट की तैयारियों और तकनीकी व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहां हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण सुरक्षा मानकों और हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से जुड़ी तैयारियों को लेकर जानकारी ली। उनके साथ डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी, प्रिंसिपल मैकेनिकल चीफ इंजीनियर डिंपी गर्ग सहित अन्य रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने सबसे पहले रेलवे जंक्शन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उत्तर रेलवे महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जींद जंक्शन की बिल्डिंग जो बनी है, वह काफी अच्छी बनी है। स्वचालित सीढियां सहित अन्य यहां यात्रियों के लिए काफी सुविधाएं हैं। इस जंक्शन को और उन्नत बनाने के लिए वह दृढ़ सकंल्पित हैं। मंदिर के पास से रेलवे जंक्शन इंट्री पर काफी कम जगह होने के सवाल पर महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में जितनी भी सड़क है और जो गेट की एंट्री वह काफी अच्छी है। अब निर्देश दिए गए हैं कि प्रशासन के साथ सपर्क कर रेलवे परिसर से बाहर जो एंट्री है उसे और उन्नत बनाया जा सके। हाइड्रोजन ट्रेन कब चलेगी और उद्घाटन करने कौन आर रहे के सवाल पर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन अभी ट्रायल स्टेज पर है। जैसे ही निर्णय होगा तो अवगत करवा दिया जाएगा। नई बिल्डिंग के बनने पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय क्षेत्र नहीं होने पर महाप्रबंधक ने कहा कि जंक्शन परिसर में वेटिंग लॉज है और आउटर पोर्च भी है। ऐसे में यहां यात्रियों के लिए काफी जगह है। महाप्रबंधक से पूछा गया कि जंक्शन परिसर में वंदे भारत पार्क का काफी बुरा हाल है तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक पार्क देखा नहीं है।



जींद। निरीक्षण करते उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय।

#### इंटर सिटी एक्सप्रेस पहुंची प्लेटफार्म नंबर दो पर

आमतौर पर इंटर सिटी एक्सप्रेस जींद जंक्शन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर आती है लेकिन उत्तर रेलवे महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय के दौरे के चलते रविवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर दो पर आकर रुकी। यात्रियों को जैसे ही अनाउंसमेंट के जरियेए इसके बारे में अवगत करवाया गया तो यात्री जीआरपी जवानों से रोकने के चलते दूर जाकर ट्रैक के जरिये दूसरे प्लेटफार्म नंबर दो पर गए।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने सौंपा मांगपत्र

**जींद।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने मांगों को लेकर उत्तर रेलवे महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा। शाखा सचिव सचिन ढुल व प्रधान नवीन पहल ने कहा कि जींद लाबी में लोको पायलट मेल की जो पोस्ट खत्म कर दी गई है, वह दोबारा बनाई जाए व जींदए पानीपतए रोहतक सवारी गाड़ी रोहतक हैड क्वार्टर को दी गई। ये सवारी गाडियां जींद हेड क्वार्टर को दी जाए। जींद स्टेशन पर डब्लूएलआई का कोई ऑफिस नहीं है, जिससे कर्मचारियों को बहुत समस्या हो रही है। जींद पावर हाउस में महिलाओं के लिए कपड़े बदलने को लेकर कमरे की सुविधा दी जाए। दी रेलवे कर्मचारी सहकारी समिति जींद जो सन 1956 से रजिस्ट्रड उसे स्टेशन बिल्डिंग के पास जगह दी जाए। जींद सेक्शन के अधीन सभी रेलवे क्वार्टरों में फर्श पर टाइल लगवाई जाए। जींद में वांशिग लाइन की हालात जर्जर है इसे दोबारा बनवाया जाए। ट्रैकमैनों के लिए एलडीसी ओपन टू आल किया जाए। जींद में रेलवे पेनल में कोई भी अस्पताल नहीं है। जींद हार्ट अस्पताल को पैनल में लिया जाए।

## खबर संक्षेप

### रीजनल सेंटर में दाखिले के लिए पंजीकरण 10 तक

**जींद।** भगत फूलसिंह महिला विवि, खानपुर कलां के रीजनल सेंटर खरल में सभी कोर्सो में दाखिला हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। केंद्र निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि स्नातक में चार कोर्स बीए आट्र्स मल्टीडिसिप्लिनरी में 240 सीट, बीए संस्कृत सिंगल मेजर में 60 सीट, बीएससी नान मेडिकल में 60 सीट तथा बीकाम में 60 सीटें निर्धारित हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर तीन विषयों एमए अंग्रेजी में 30 सीट, एमए राजनीतिक विज्ञान में 40 सीट तथा एमए हिंदी में 30 सीट निर्धारित हैं।

### समाजसेवी रमेश गर्ग आर्य को दी श्रद्धांजलि

**नरवाना।** रविवार को एसडी कन्या महाविद्यालय के सभागार में समाजसेवी एवं आर्य स्कूल के पूर्व प्रबंधक रमेश गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुषो ने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित करते प्रभु से प्रार्थना की कि प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह प्रदान करें। इस संसार में अनेक लोग आते हैं, अपना जीवन जीते हैं और समय आने पर इस संसार से विदा हो जाते हैं। किंतु कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो अपने उत्कृष्ट कर्मों, सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण के कारण सदैव लोगों के हृदयों में अमर हो जाते हैं।

### भाकियू के खिलाफ बयानबाजी पर रोष

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक जिला प्रधान बिंद्र लंबरदार की अध्यक्षता में किसान भवन में आयोजित की गई। बैठक में भाकियू के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बयानबाजी किए जाने पर रोष जताया गया। बैठक में निर्णय लिया कि जिलाध्यक्ष, प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ बयान देकर अनुशासनहीनता दिखाई गई है। प्रधान बिंद्र लंबदार व प्रवक्ता रामराजी ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से रामफल कंडेला, छज्जू राम कंडेला, बारूराम रूपगढ़, नवीन सफीदों, रामफल को भाकियू की कार्यकारिणी से बाहर किया जाता है।

### बीएलए 2 की बैठक 9 को लेंगे पूर्व उप मुख्यमंत्री

**उचाना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नौ जुलाई को उचाना स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में जेजेपी बीएलए 2 की बैठक को संबोधित करेंगे। जेजेपी हलकाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान चल रहा है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बीएलए 2 के साथ एसआईआर अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### निशुल्क दिव्यांग जांच एवं कृत्रिम माप शिविर 12 को

**जींद।** भारत विकास परिषद शाखा नरवाना द्वारा 12 जुलाई को जयराम अस्पताल में एक निश्शुल्क दिव्यांग जांच एवं कृत्रिम अंग माप शिविर आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांग जनों की जांच की जाएगी और अंगों का माप लिया जाएगा।उसके बाद अगले शिविर में चयनित दिव्यांग जनों को अंग वितरित किए जाएंगे। शाखा सचिव विकास मित्तल ने अध्यक्ष जयपाल बंसल के निर्देशानुसार बताया कि किसी दिव्यांग को अपने पैरों पर खड़ा करना उसको नया जीवन देने के समान है, जो भारत विकास परिषद हमेशा ही इस प्रकार की सेवा बड़े स्तर पर करती आई है।

### ट्रेड डील में कृषि उत्पादों को जोड़ना ज्यादती : बलदेव

**जींद।** लघु सचिवालय परिसर में संयुक्त किसान मोर्चा के 1537वें दिन के धरने की अध्यक्षता राजा डूमरखां ने की और संचालन सतबीर गोयत ने किया। किसान बलदेव ढाकल ने कहा कि सरकार आमजन को सुविधा प्रदान करने की बजाए आए दिन हर हथकंडे अपना रही है। आज ये अपडेट करो और आज ये अपडेट करो। लोगों को रोजी रोटी देने की बात को छोड़ उनके हाथों में कागज थमा दिए हैं, जिससे वे इन्हीं में उलझे रहें और सरकार की मनमानी जारी रहे। अमेरिका-ईरान युद्ध की आड़ लेकर डीजल, पेट्रोल व गैस के दाम बढ़ा दिए गए और जब इन वस्तुओं के दाम पहले की तरह हो गए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें फील्ड में कर रही फीवर मास सर्वे

## जुलाना मंडी में स्वास्थ्यकर्मियों ने किया फीवर मास सर्वे, 1987 घरों की जांच में तीन में मिला लार्वा, दिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

डेंगू बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें लगातार फिल्ड में काम कर रही हैं और विशेष रणनीति के तहत सैंपलिंग कर डेंगू और मलेरिया को रोकने का काम कर रही हैं। जिले की बात की जाए तो सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में 668 डेंगू के मामले सामने आए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। विभाग की तरफ से सितंबर व अक्टूबर माह डेंगू के लिए पीक सीजन माना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी पर पनपता है। यह मौसम मच्छरों के पनपने लिए पूरी तरह से अनुकूल है। अब एक बार फिर डेंगू और मलेरिया के केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सीएचसी जुलाना के तहत जुलाना मंडी में विभाग ने फीवर मास सर्वे अभियान चलाया । स्वास्थ्य सुपरवाइजर सत्यवीर सिंह, रमेश, रविंद्र, संदीप कुंडू, अनिल, रामपाल, ज्योति, अनिल एवं हरमुख की टीमों ने घर-घर जाकर जांच अभियान चलाया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रमेश एवं सत्यवीर ने बताया कि स्वास्थ्य टीमों द्वारा कुल 1987 घरों में जांच की गई। जिसमें तीन में मच्छर का लार्वा मिला। टीमों द्वारा मौके पर ही मकान मालिक को नोटिस दिए गए तथा डेंगू, मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करते हुए मौके पर ही लार्वा नष्ट करवाया तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की रक्त पट्टिका बनाई गई। अभियान का उद्देश्य बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम करना था।



जींद। रक्त का सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें

डिप्टी सीएमओ एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि डेंगू व मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कर्मी लगातार फीवर मास सर्वे कर रहे हैं। लोगों को लगातार मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की लगातार स्लाइडें बना रही हैं। आमजन को चाहिए कि वो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

### बुखार पीड़ितों के लिए जा रहे खून के सैंपल

स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें घर-घर दस्तक दे रही हैं। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करते पोस्टर आदि भी वितरित किए जा रहे हैं।

| वर्ष | डेंगू |
|---|---|
| 2015 | 668 |
| 2016 | 157 |
| 2017 | 135 |
| 2018 | 98 |
| 2019 | 47 |
| 2020 | 28 |
| 2021 | 622 |
| 2022 | 535 |
| 2023 | 420 |
| 2024 | 10 |
| 2025 | 109 |
| 2026 | अबतक केस नही मिला |

## बालवाटिका 3 से कक्षा पांचवी के शिक्षकों के लिए गतिविधि पुस्तिका एवं शिक्षक मार्गदर्शिका

# गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना

### बच्चों को स्वयं कहानी बनाने और प्रस्तुत करने के लिए भी प्रेरित किया

**शिक्षकों के लिए प्रभावी मार्गदर्शिका सिद्ध होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तैयार की गई बालवाटिका-3 से कक्षा पांचवी के शिक्षकों के लिए गतिविधि पुस्तिका एवं शिक्षक मार्गदर्शिका प्रारंभिक बाल शिक्षा को अधिक रोचक, आनंददायक और गतिविधि आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह शिक्षक मार्गदर्शिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप तैयार की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा, गणित, संज्ञानात्मक विकास, रचनात्मकता, सामाजिक व्यवहार तथा जीवन कौशल का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। पुस्तिका में स्पष्ट किया गया है कि बालवाटिका-3 बच्चों को कक्षा पहली के लिए तैयार करने का आधार है। इसमें ऐसी गतिविधियों का समावेश किया गया है जो बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को खेल-खेल में सरल, सहज और प्रभावी बनाती हैं। शिक्षक अपनी कक्षा की आवश्यकता के अनुसार इन गतिविधियों में आवश्यक परिवर्तन भी कर सकते हैं, जिससे प्रत्येक बच्चे की सीखने की गति और क्षमता के अनुरूप शिक्षण संभव हो सके। शिक्षक मार्गदर्शिका को दो प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में साक्षरता एवं संख्यात्मकता से जुड़ी गतिविधियां शामिल हैं, जबकि दूसरे भाग में कहानियां, गीत, तुकबंदी, खेल आधारित गतिविधियां तथा योग को स्थान दिया है। सभी गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। शिक्षक मार्गदर्शिका के अनुसार प्रारंभिक अवस्था में भाषा एवं सं यात्मक कौशल का विकास बच्चों की भविष्य की शैक्षणिक सफलता की मजबूत नींव रखता है। पुस्तक में ऐसे अनेक गतिविधि मॉडल दिए गए हैं, जो बच्चों में तार्किक सोच, समस्या समाधान, संप्रेषण क्षमता तथा आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही शिक्षक इन गतिविधियों के माध्यम से प्रत्येक बच्चे की प्रगति का सहज आकलन भी कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि पुस्तिका में कहानी सुनाने, भूमिका निभाने, गीत गाने और तुकबंदी जैसी गतिविधियों को प्रमुख स्थान दिया गया है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में भाषा विकास के साथ-साथ कल्पनाशक्ति, नैतिक मूल्यों, सामाजिक सहभागिता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का भी विकास होगा। बच्चों को स्वयं कहानी बनाने और प्रस्तुत करने के लिए भी प्रेरित किया गया है, जिससे उनका आत्मविश्वास और संवाद कौशल सशक्त होगा। इसके अतिरिक्त आउटडोर खेलों और योग को भी पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाली गतिविधियां बच्चों के शारीरिक विकास, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता तथा सहयोग की भावना को विकसित करेंगी। वहीं योग बच्चों के मानसिक संतुलन, एकाग्रता, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को मजबूत बनाएगा।गतिविधि पुस्तिका में सं या पहचान, सं या क्रम, वस्तुओं की गिनती, आकृतियों की पहचान, खोजो और गिनो, धागे से अंक बनाना, आइसक्रीम स्टिक से आकृतियाँ बनाना तथा चक्रव्यूह जैसे अनेक नवाचारपूर्ण खेलों का समावेश किया गया है।



जींद। पुस्तक को लेकर बातचीत करते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### परिणामोन्मुख बनाने में सहयोग प्रदान करेगी

प्रत्येक गतिविधि के साथ आवश्यक सामग्री, तैयारी, संचालन विधि तथा विविध विकल्प भी दिए गए हैं, जिससे शिक्षकों को कक्षा संचालन में सुविधा मिलेगी।शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की गतिविधि आधारित शिक्षण सामग्री बच्चों को विद्यालय से जोडने, सीखने में रुचि बढ़ाने तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पुस्तिका केवल बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि शिक्षकों के लिए भी एक प्रभावी मार्गदर्शिका सिद्ध होगी, जो उन्हें कक्षा शिक्षण को अधिक जीवंत, आनंददायक और परिणामोन्मुख बनाने में सहयोग प्रदान करेगी। समग्र रूप से देखा जाए तो बालवाटिका-3 गतिविधि पुस्तिका प्रारंभिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं बाल-केंद्रित बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास है। गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल, कहानी, गीत, योग और रचनात्मक अभ्यासों का समन्वय बच्चों को न केवल निपुण बनाएगा, बल्कि उनमें सीखने के प्रति आजीवन उत्साह भी विकसित करेगा।





कार्यक्रम में मंच पर मौजूद डिप्टी स्पीकर एवं रोटरी क्लब जींद मिडटाउन पदाधिकारी।

## जींद: रोटरी क्लब मिडटाउन ने किया भव्य पदस्थापना समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

रोटरी क्लब जींद मिडटाउन का पदस्थापना समारोह शहर के एक निजी होटल में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शिरकत की। समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2028-29 रोटेरियन धीरज मिगलानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुमित मित्तल, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर हरियाणा मीनाक्षी सिंगला आनंदए असिस्टेंट गवर्नर विकास गुप्ता, जोनल लर्निंग फैसिलिटेटर डा. बनीश गर्ग, चेयरमैन डा. आरएस सिंधवानी तथा एमओसी माया राम देवली सहित अनेक गणमान्य रोटेरियन्स मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष (आईपीपी) रोटेरियन तरुण जैन द्वारा अपने कार्यकाल की विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुआ। इसके उपरांत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रोटेरियन धीरज मिगलानी ने वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन नितिन जिंदल को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिला कर पदस्थापित किया। साथ ही सचिव रोटेरियन मनोज शर्मा एवं उनकी टीम ने भी अपने दायित्व ग्रहण किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवीय कार्यों में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए नवगठित टीम को शुभकामनाएं दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर धीरज मिगलानी ने रोटरी के सेवा प्रकल्पों को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया तथा नव निर्वाचित टीम के सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन तरुण जैन एवं सचिव अशोक शर्मा के सफल कार्यकाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। निवर्तमान सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि हमने अपने कार्यकाल में रोटरी के स्लोगन 'सर्वि अबोव सेल्फ को क्रियान्वित करते पूरे साल में 175 प्लस प्रोजेक्ट जो पर्यावरण, समाजसेवा पशु सेवा, मानव सेवा इत्यादि सेवा से संबंधित किए गए।



नरवाना। नगर पार्षद आशुतोष शर्मा उनके वार्ड के बीएलओ के साथ मिलकर उनके निवास स्थान पर लोगों की समस्यायों को हल करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सजग मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान : शर्मा

**नरवाना।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पार्षद आशुतोष शर्मा ने रविवार को कार्यालय निवास स्थान श्रीराम कुटीर सिविल हॉस्पिटल के सामने उसके वार्ड के क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया। पार्षद ने कहा कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी भी बनती है कि क्षेत्रवासियों को समय समय पर सरकार की नीतियों और योजनाओं के बारे में जागरूक करे। अपने स्तर पर दो दिन से रविवार को लगातार क्षेत्र में अनाउसमेंट वाहन से लोगों को प्रोग्राम बारे सूचित भी किया है। पार्षद ने बताया कि एक समस्या जो मुख्य रूप से आ रही है की सभी बूथों के वोट एक दूसरे के स्थान पर इधर उधर दर्ज है। बीएलओ के साथ बैठने से बहुत अधिक मतदाताओं की समस्या हल हुई है बाकी अभी प्रयास निरंतर जारी रहेगा। पार्षद ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि अपने अपने एरिया में आमजन के सहयोग के लिए इस तरह की भागीदारी जरूर करें।

# पौधरोपण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय मिडल स्कूल अमरहेड़ी में पौधारोपण के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित सिहाग के मार्गदर्शन में पैनल अधिवक्ता देवराज मलिक ने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त वातावरण, पर्यावरण संरक्षण, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडऩ, पॉक्सो एक्ट, स्वस्थ मातृत्व स्वस्थ राष्ट्र, बाल विवाह मुक्त भारत, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, विशेष लोक अदालत, धारा 138 एनआई एक्ट, समाधान समारोह, दहेज उन्मूलन तथा मानव, वन्य जीव संघर्ष सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। साथ ही पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।



कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए पंचकूला के निर्देशानुसार 18 जुलाई को पूरे राज्य में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। बताया कि देश में लंबित मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटारे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने समाधान समारोह विशेष लोक अदालत नामक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। यह विशेष पहल 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगी।



जींद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### रिटायर्ड कर्मियों को 8वें वेतन आयोग का दिया जाए लाभ

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला की बैठक अक्षर भवन में विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में भविष्य में रिटायर्ड कर्मचारीयों पर आने वाले खतरों पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारीयों को आठवें वेतन आयोग का पूरा लाभ दिया जाए। 65, 70, 75 वर्ष आयु उपरांत 5 प्रतिशत का लाभ पंजाब सरकार की तरह दिया जाए। मेडिकल कैशलैस प्रणाली अपनाई जाए, फैमली पैंनशनरज को एलटीसी की सुविधा प्रदान किया जाए। वर्तमान में जो एलटीसी व्यवस्था है, उसे जारी रखा जाए। निजीकरण बंद करके पक्के कर्मचारी लगाया जाए, ठेका प्रथा पर रोक लगाई जाए, समान काम, समान वेतन का नीयम लागू किया जाए, न्यायालय के निर्णयों को लागू किया जाए, कौशल विकास निगम द्वारा भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। 30 जून को रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को नेशनल वेतन वृद्धि का लाभ बिना किंतु व परंतु के दिया जाए।

## बीएलओ की बैठक लेकर एसआईआर के काम की समीक्षा

# एसडीएम ने सात बूथों के बीएलओ किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया है कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र में एस आई आर का कार्य सुचारू और सही रूप से चल रहा है। अब तक विधानसभा क्षेत्र में 56 से ज्यादा एस आई आर का कार्य हो चुका है, साथ ही विधानसभा क्षेत्र के सात बूथों में विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें शहर का एक बूथ तथा गांवों के 6 बूथ शामिल है। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह जानकारी स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में बीएलओज की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। एसडीएम ने शत प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले सात बूथों के बीएलओ को विशेष बधाई दी और उनकी कार्यकुशलता और निष्ठा की मुक्तकंठ से सराहना करते पीठ थपथपाई। एसडीएम ने इन सभी सात बूथों के बीएलओ को मौके पर सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालों में बीएलओ कृष्ण कुमार बूथ नंबर 221, बलिंदर सिंह बूथ नंबर 4, संगीता बूथ नंबर 117, सुमित कुमार बूथ नंबर 118, जगबीर सिंह बूथ नंबर 146, अजय सिंह बूथ नंबर 167 तथा दिनेश कुमार बूथ नंबर 208 शामिल है। एसडीएम ने मौजूद बीएलओ से काम पूरा करने वाले बीएलओ का अनुसरण करने और उनकी कार्य प्रणाली से प्रेरणा लेने का आवाहन किया। एसडीएम ने कहा कि एस आई आर का कार्य मुश्किल और जोखिम भरा नहीं है, एकाग्रता और सच्ची मेहनत से कार्य करने से हमेशा सकारात्मक नतीजा मिलता है, यही इन बीएलओ की निपूणता का संदेश है।

इसके अलावा ऐसे बीएलओ जिनको वोट के डिजिटाईजेशन करने, एप पर अपलोड करने, ऑनलाइन साइट पर भेजने जैसी तकनीकी जानकारी कम है, उसके लिए नरवाना एसडी पब्लिक स्कूल में अलग से करीब 60 तकनीकी कर्मचारियों का स्टाफ भी लगाया है। यह कर्मचारी हर रोज शाम को शेष रहे डिजिटाईजेशन का कार्य पूरा कर रहे हैं। एसडीएम ने नगर पार्षदों तथा ग्राम पंचायतों से भी वार्ड व गांव स्तर पर एस आई आर प्रक्रिया के बारे में हर रोज मुनियादी करवाने के लिए कहा। उन्होंने शिक्षित युवाओं का भी आह्वान किया कि वे स्कूल या कॉलेज के समय के बाद फार्म भरवाने में स्थानीय बीएलओ का सहयोग करें। बैठक में एईआरओ एवं तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार रणबीर सिंह, ए ए ईआरओ बलजीत गोयत अन्य बीएलओ भी मौजूद रहे।



नरवाना। बीएलओ की बैठक लेते एसडीएम जगदीश चन्द्र। फोटो :हरिभूमि



प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को एसआईआर के बारे में जानकारी देते प्राचार्य बलजीत गोयत।

### एसआईआर अभियान के संबंध में छात्रों को किया जागरूक

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेलरखा में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते एसआईआर अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करें और बीएलओ के घर आने पर उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। सभी आवश्यक दस्तावेज पहले ही तैयार रखें व गणना फॉर्म को सही समय पर बूथ लेवल ऑफिसर को लौटएं उन्होंने कहा कि सही मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में अपना योगदान दें। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस संदेश को अपने घर-परिवार तक पहुंचाएँ और अपने अभिभावकों को भी एसआईआर अभियान के महत्व से अवगत कराएं।

**खबर संक्षेप**

## कार की चपेट में आने से एक चालक घायल

**कैथल।** कलायत थाना क्षेत्र में जम्मू कटरा रोड पर सड़क किनारे खड़े 40 वर्षीय गाड़ी चालक को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले जींद के सरकारी अस्पताल और बाद में पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया, जहां उपचार शुरू होने से पहले ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत जिले के गांव राणा खेड़ी निवासी राजेश ने बताया कि वह 3 जुलाई को अपने परिजनों सत्यवान उर्फ पालू, सुरजीत, सुरेंद्र और वजीर के साथ ईको गाड़ी में पंजाब के गांव मतोली (खनौरी) में अपनी बुआ के मृत्युभोज में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे उनकी गाड़ी जम्मू कटरा रोड पर गांव खरक पांडवा से पहले सड़क किनारे रोकी गई, ताकि सवार लोग लघुशंका के लिए नीचे उतर सकें। शिकायत के अनुसार सत्यवान उर्फ पालू जैसे ही गाड़ी से उतरकर सड़क किनारे जाने लगा, तभी खनौरी की ओर से तेज गति से आई काले रंग की स्कॉर्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ग्रामीण विकास को मिलेगी नई पहचान

# बरसाना में 8.22 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य शुरू

- जिला परिषद के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों को दी जा रही रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव बरसाना की गोपी पट्टी चौपाल में जिला परिषद पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया की पहल पर 8.22 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कोल मुख्य अतिथि तथा जिला पार्षद पंडित देवेंद्र पुजारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच विजयपाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन कर्मबीर कोल, जिला परिषद पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया और जिला पार्षद पंडित देवेंद्र पुजारी ने नारियल फोड़कर किया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कोल ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाकर गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला परिषद के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि कैथल जिले के प्रत्येक गांव को समान रूप से विकास कार्यों के लिए अनुदान मिले और किसी भी गांव के विकास में कोई कमी न रहे।

जिला परिषद पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया ने कहा कि उनके वार्ड के सभी गांवों में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, सामुदायिक भवन, गलियों और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वार्ड के प्रत्येक गांव की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य कराए जाएंगे।



पूंडरी। गांव बरसाना में हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते चेयरमैन कर्मबीर कोल, जितेंद्र टाया व देवेंद्र पुजारी। फोटो : हरिभूमि

### ये बोले जिला पार्षद

जिला पार्षद पंडित देवेंद्र पुजारी ने कहा कि हरियाणा में जिला परिषद के गठन के बाद से अब तक कर्मबीर कोल जैसे चेयरमैन ने सभी पार्षदों को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रही है, जिसका लाभ जिले के गांवों को मिल रहा है।

### ग्रामीणों ने जताई खुशी

ग्रामीणों ने सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इसके बनने से सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी तथा गांव को एक बेहतर सार्वजनिक भवन उपलब्ध होगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन चमेल सिंह बरसाना, शमशेर सिंह, बलवान सिंह, नीरज, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने किया बीट बॉक्स का उद्घाटन



कैथल। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन बीट बॉक्स का उद्घाटन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने क्योड़क पुलिस नाका के पास नवस्थापित बीट बॉक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसपी ने बीट बॉक्स के समीप पौधारोपण भी किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया की यह बीट बॉक्स पेपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, गांव बाखली, पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र के सौजन्य से तैयार करवाया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी बीर भान, डीएसपी सुशील प्रकाश, एसएचओ थाना सदर एसआई कुलदीप सिंह, पुलिस चौकी क्योड़क इंचार्ज एएसआई बलजीत, एसपी प्रवाचक तरसेम, ओएएसआई प्रवेश, एसआईएस संदीप सहित अन्य पुलिस कर्मचारी, पेपर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, गांव बाखली के संचालक तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बीट बॉक्स पुलिसिंग व्यवस्था को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर भरोसेमंद और जनहितैषी पुलिसिंग को मजबूत करना भी है। बीट बॉक्स बनने से यहां तैनात पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी के संचालन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुलिस की उपलब्धता तथा दृश्य उपस्थिति बढ़ने से असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।



## जाट सम्मेलन में गरिमा नैन व सोनल नैन सम्मानित

**राजौंद।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन की पुत्री गरिमा नैन एवं उनकी भतीजी सोनल नैन को उनकी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। दोनों प्रतिभाएं गांव काहना खेड़ा खंड नरवाना जिला जींद की निवासी हैं। समारोह में अंबाला रेंज के इंस्पेक्टर जनरल पंकज नैन ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान कृष्ण श्योकद व उनकी समिति के सदस्यों ने भी दोनों बेटियों को सम्मान प्रदान किया। गरिमा नैन वर्तमान में विश्व बैंक में अर्थशास्त्री एवं विकास क्षेत्र की विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत हैं। वहीं सोनल नैन लंदन स्थित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' में पत्रकार के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के माध्यम से भारत और हरियाणा का नाम रोशन कर रही हैं। समारोह में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय से चित्रलेखा तथा एसपी रेशम सिंह मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि गांव काहना खेड़ा की इन दोनों बेटियों ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियां न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि गरिमा और सोनल आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों व गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ब्राह्मण समाज ने किया ब्रह्म शक्ति सम्मेलन

### सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और हरियाणा प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने रविवार को कैथल की सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित ब्रह्म शक्ति सम्मेलन में भाजपा सरकार पर ब्राह्मण-विरोधी नीतियों और व्यवहार का जमकर हमला बोला। हजारों की संख्या में पहुंचे ब्राह्मण समाज के लोगों की भारी भीड़ में रणदीप सुरजेवाला व आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा द्वारा आज ब्राह्मण समाज के नेताओं व ब्राह्मणों की उपेक्षा, अपमान और भेदभाव शुरू कर दिया। यह धोखा है, यह विश्वासघात है।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। मुख्य अतिथि रणदीप सिंह सुरजेवाला और विशिष्ट अतिथि आदित्य सुरजेवाला को ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने पगड़ी पहनाकर और भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर जोरदार स्वागत किया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष कर्मबीर शर्मा खुराना द्वारा आयोजित यह सम्मेलन जल्द ही एक विशाल जनसभा में बदल गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने जंग-ए-आजादी से लेकर आज तक देश का नेतृत्व किया है। लेकिन सत्ता मिलते ही भाजपा ने ब्राह्मणों की उपेक्षा, अपमान और भेदभाव शुरू कर दिया। यह धोखा है, यह विश्वासघात है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने ब्राह्मण और एससी समेत 12 जातियों को दी गई जमीन से मालिकाना हक छीनने का "तुगलकी फैसला" किया। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार द्वारा केवल ब्राह्मण समाज के शस्त्र लाइसेंस का डेटा क्यों इकट्ठा किया जा रहा है? आखिर क्यों भाजपा ब्राह्मण समाज को निशाना बना रही है।



कैथल। ब्रह्म शक्ति सम्मेलन में सांसद रणदीप सुरजेवाला को सम्मानित करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि



## राष्ट्र निर्माण में महर्षि दयानंद का योगदान अनमोल

**जींद।** आर्य समाज नरवाना में साप्ताहिक सत्संग में सर्वप्रथम हवन-यज्ञ किया गया। भजन एवं गीतों के माध्यम से धर्मपाल एवं यशपाल आर्य ने ईश्वर स्तुति एवं महर्षि दयानंद के समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान का उल्लेख किया। प्रधान चंद्रकांत आर्य ने अपने संदेश में कहा कि संसार का सर्वोत्तम वैदिक ज्ञान-विज्ञान का साहित्य एवं दर्शन भारतीय संस्कृति का आधार है। छह दर्शनशास्त्र वैदिक संस्कृति की वैज्ञानिक व्याख्या, विश्लेषण, आस्तिकता को ईश्वरीय और प्रकृति व्यवस्था में वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं। न्याय दर्शन तर्क एवं तथ्यों पर आधारित है। वैशैविक दर्शन पदार्थ विद्या का गुण कर्म स्वभाव अनुसार विश्लेषण करने का विधान है। सांख्य दर्शन पदार्थ की सामान्य विशेषताओं का सामाजिक समावेशी उपयोग, योग दर्शन से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक एकाग्रचित्ता, मीमांसा दर्शन वैदिक कर्मकांड तथा वेदांत दर्शन ईश्वर प्रकृति जीव आत्मा मनुष्य को शारीरिक सुख अनुभूति के साथ मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रदान करता है। जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि विचारों से मनुष्य का निर्माण होता है। मिथिलेश शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मचर्य, ग्रहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास आश्रम जहां विशुद्ध रूप में विकसित होते हैं, वहीं समाज और राष्ट्र विकसित और समर्थ होते हैं। इस अवसर पर वेदपाल आर्य, संजीव, मांगेराम, कर्ण सहित अन्य आर्यगण उपस्थित रहे।

# बाल विवाह पीड़िताओं ने अपने अनुभव साझा कर किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जेआरसी ने किया बैठकों का आयोजन बाल विवाह से बचाई गईं बच्चियां भी पहुंचीं

एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने गत दिवस बाल विवाह के विरुद्ध जिले में तीन बैठकों का आयोजन किया। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में बाल विवाह से बचाई गई बच्चियों एवं बाल विवाह पीड़ित महिलाओं तथा जागरूकता बैठक में स्थानीय अधिवक्ताओ एवं विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि बाल अधिकार के क्षेत्र में इन बैठकों का आयोजन किया गया है। दो बैठको का आयोजन जींद शहर के सेक्टर 9 एवं जुलानी गांव में किया गया है। जिसमें बाल विवाह से बचाई गई लड़कियों एवं बाल विवाह की पीड़ित रही दो दर्जन से अधिक बुजुर्ग महिलाओं ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। अधिकतर महिलाओं की उम्र 70 वर्ष से अधिक थी। इन महिलाओं ने बताया कि पुराने समय में बाल विवाह के प्रति जागरूकता की कमी एवं कानूनों के अभाव में वो अपना बचपन नहीं जी सकी। उस समय अभिभावक अपनी लड़कियों का छोटी उम्र में विवाह करने को मजबूर थे। क्योंकि गांवों और आसपास के क्षेत्र में उच्च शिक्षा संस्थान नगण्य थे। महिला सुरक्षा भी अभिभावकों के लिए बड़ा चिंता का विषय था। जिससे वह अपनी लड़कियों को शिक्षा के दूसरे गांव या शहर में भेजने से कतराते थे। पुराने समय में गरीबी भी बाल विवाह का प्रमुख कारण था। महिला शिक्षा के प्रति कोई जागरूकता नहीं थी। इन महिलाओं ने बताया कि 16-17 वर्ष की पढने के उम्र में तो वो एक या दो बच्चों की मां बन चुकी थी। उन्होंने पश्चाताप व्यक्त करते हुए कहा की अगर उस समय बाल विवाह के विरुद्ध सख्त कानून और जागरूकता के लिए संगठन होते तो वो भी पढ़ लिखकर अफसर बनती और आज स्वाभिमान पूर्वक जीवन जी रही होती।




जींद। बैठक में भाग लेतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# एचटेट : बायोमेट्रिक और फ्रिस्किंग एजेंटों के साथ अमानवीय व्यवहार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- पीने का पानी, आराम करने के लिए उचित स्थान तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं करवाई गईं उपलब्ध

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल आयोजन के बीच जींद जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने परीक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जींद के डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी के दौरान भीषण गर्मी के कारण एक महिला बायोमेट्रिक एजेंट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्हें चक्कर आने लगे और वे गिरने की स्थिति में पहुंच गईं। आरोप है कि इस दौरान उन्हें समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध नहीं करवाई गई। साथ ही उन्हें पीने का पानी, आराम करने के लिए उचित स्थान तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई गईं। एचटेट परीक्षा के लिए कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सेंटर स्टाफ को छोड़ कर बायोमेट्रिक, फ्रिस्किंग एवं जैमर टीम के कर्मचारियों के साथ अधिकांश केंद्रों पर उपेक्षापूर्ण व्यवहार किए जाने के आरोप सामने आए हैं। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों का कहना है कि भीषण गर्मी में कई घंटों तक लगातार कार्य करने के बावजूद उन्हें पीने का पानी, रिफ्रेशमेंट या भोजन जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करवाई गईं। कई स्थानों पर आवश्यक सामान या खाने-पीने की वस्तु लेने के लिए भी बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा समाप्त होने के बाद भी उन्हें अनावश्यक रूप से लंबे समय तक रोके रखा गया।

# पार्कों की सिक्योरिटी एवं रखरखाव की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

- कलायत के महाराजा अग्रसेन पार्क में महिलाओं ने बुलाई महापंचायत

कलायत में महिलाओं ने महापंचायत बुलाकर नगर पालिका के अधीन आने वाले प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क की सिक्योरिटी एवं रखरखाव के टेंडर की पोल खोलकर रख दी है। साथ ही जिला उपायुक्त अपराजीता से शहर के सभी सात पार्कों की जांच रिपोर्ट अवलिंब सार्वजनिक करते हुए टेंडर कार्य में धांधली करने वाले अधिकारियों एवं एजेंसी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। महिलाओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन पार्क व शहर के सभी सात पार्कों में व्यवस्था पुरी तरह चौपट है। सुविधाओं के नाम पर समस्याओं का सामना पार्क में आने वाले बड़े-बुजुर्गो, महिलाओं, युवाओं व बच्चों को करना पड़ता है। पार्कों में न पीने को पानी है, निकासी न होने के कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है, शौचालयों पर ताले लटके हैं, बच्चों के झूले लकड़ी के तिनकों की तरफ टूट के बिखरे हैं, सफाई एवं सुरक्षा के नाम पर कोई सुविधा नहीं है। प्लांटेशन, ओपन जिम व मूलभूत सुविधाओं को जुटाने में अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं। बावजूद इसके फर्जी बिलिंग का खेल जारी है। लतिका, रेखा, अनीता प्रियंका, सोनिया शर्मा, सरोज देवी व अन्य महिलाओं का कहना है कि पार्क में बैठने के लिए बैंच या कुर्सियां नहीं हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि पार्कों की सुरक्षा एवं रखरखाव के मामले में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ जल्द कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वे प्रदर्शन की राह अपनाएंगी। हैरानी का विषय है कि अव्यवस्था व गोलमाल आइने की तरफ साफ नजर आ रहा है। बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे। इससे जाहिर है कि सरकार द्वारा जन सुविधाओं के लिए जारी बजट का लाभ समुचित रूप से धरातल नहीं मिल रहा।



कलायत। महाराजा अग्रसेन पार्क में पंचायत करती महिलाएं।

**धांधली** | गैस एजेंसी और तेल कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# सिलेंडर से गैस नहीं निकला पानी, शादी समारोह में मचा हड़कंप, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

गांव रसूलपुर में शादी समारोह के दौरान एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि समारोह के लिए मंगाए गए इंडेन गैस सिलेंडर में गैस की जगह पानी भरा हुआ था। सिलेंडर कुछ देर चलने के बाद बंद हो गया और बाद में उसमें से बड़ी मात्रा में पानी निकलने का दावा किया गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद संबंधित विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी राजकुमार प्रजापति के अनुसार उनके परिवार में शादी समारोह था, जिसके लिए चीका से इंडेन गैस सिलेंडर मंगवाया गया था। भोजन बनाने के दौरान हलवाई ने सिलेंडर को उपयोग में लिया, लेकिन करीब आधे घंटे बाद गैस की सप्लाई अचानक बंद हो गई। शुरुआत में रेगुलेटर या अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई, मगर जांच के दौरान मामला कुछ और ही निकला।

परिजनों का कहना है कि सिलेंडर का वजन करने पर वह सामान्य से अधिक पाया गया। इसके बाद सिलेंडर को उल्टा करके देखा गया तो उसमें से लगातार पानी निकलने लगा। उनका दावा है कि सिलेंडर से करीब 11 किलो पानी बाहर निकला। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

शादी समारोह में अचानक गैस बंद होने से खाना बनाने की व्यवस्था प्रभावित हुई और परिजनों को वैकल्पिक इंतजाम करने पड़े। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का पता न चलता तो समारोह में बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती थी। राजकुमार प्रजापति ने मांग की है कि सिलेंडर की तकनीकी जांच कराई जाए और यह पता लगाया जाए कि उसमें पानी कैसे पहुंचा। उन्होंने संबंधित गैस एजेंसी और तेल कंपनी के अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।



सीवन। रसूलपुर गाँव में सिलेंडर में से पानी निकालते लोग फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों ने लिया संज्ञान

मामले को लेकर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के इंचार्ज कुलदीप मोर ने बताया कि उन्हें भी वीडियो प्राप्त हुआ है। उपभोक्ता की सुविधा को देखते हुए संबंधित एजेंसी को नया सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूरे मामले की जांच करवाई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पंजाबी सेवा सदन ने जरूरतमंद परिवारों को बांटी भोजन सामग्री

- हर माह के पहले रविवार को संस्था की ओर से बांटा जाता है राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

5 जुलाई पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है। परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने , गरीब बच्चों को पढ़ाने व और भी कई अन्य सेवा कार्य कर रही है वंही देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है । प्रधान ने आगे बताया कि मुख्य द्वार का निर्माण व पेंट का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टील की ग्रिल गेट लगाई जानी बाकी है। इस खूबसूरत द्वार को अगले सफ्ताह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।



कैथल। राशन वितरित करते पंजाबी वेलफेयर सभा के पदाधिकारी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर इंद्रजीत सरदाना, सतीश चावला, अशोक आर्य, योग राज बत्रा, सुरेश ऐलावादी, नरेंद्र निझावन, लखमी दास खुराना, सुभाष कथूरिया, सतीश चावला, डॉ पवन थरेजा, अरविंद चावला, मदन कटारिया, विशम्बर अरोड़ा, धन सचदेवा,सुरेश मदान, तुलसी मदान, जगदीश कटारिया, वरुण मदान, संदीप मलिक, चंद्रशेखर नरूला, मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बदला मौसम, उमस और गर्मी से मिली राहत

**राजौंद।** क्षेत्र में रविवार को शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम ने करवट ली, जिससे पिछले दो दिनों से उमस और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली। दिनभर तेज धूप और उमस के कारण लोग बेहाल नजर आए, लेकिन शाम होते-होते मौसम में आए बदलाव ने मौसम को सुहावना बना दिया।अचानक आसमान में घने बादल छा गए और हल्की ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे तापमान में गिरावट महसूस की गई। हालांकि इस दौरान न तो बारिश हुई और न ही बूंदाबांदी देखने को मिली।

### मृत्यु या दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक मदद

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### यूनियन 21 को करेगी डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा जिला कमेटी जींद के प्रधान जोगिंद्र ने कहा कि यदि मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 21 जुलाई को डीसी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से भवन निर्माण कामगारों को अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। पात्र मजदूरों के पास पहले पात्रता के संदेश आने के बावजूद अब दोबारा पंजीकरण करने के लिए कहा जा रहा है।

### 1933 पर दें ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस-1933 शुरू किया हुआ है। यह हेल्पलाइन देश को 2047 तक नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मानस हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे चालू रहता है। लोग इस पर ड्रग्स तस्करी की गुप्त जानकारी साझा कर सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### विकास और जनसेवा को समर्पित हैं विधायकः मैहला

**पूंडरी ।** पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल जाम्बा निरंतर जनसेवा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र की प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अनेक विकास कार्य गति से आगे बढ़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

---

### डिप्टी स्पीकर ने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में सुनीं जन समस्याएं

# जनकल्याणकारी योजनाओं से विकास की नई पहचान बना रहा जींद : डॉ. मिड्ढा



जींद। जनसमस्याएं सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

#### आने वाले समय में पहचान और मजबूत होगी

डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जिला से नौ-नौ नेशनल हाईवे निकलने से जींद राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और आने वाले समय में यह पहचान और मजबूत होगी। जींद को जल्द ही देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। यह परियोजना न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश व देश के लिए गौरव का विषय है। इस महत्वाकांक्षी पहल से जींद का नाम देशभर में और अधिक प्रमुखता से उभरेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। जिससे जिला आधुनिक रेलवे तकनीक के क्षेत्र में भी नई पहचान स्थापित करेगा। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक एवं स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

**राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले जींद से जल्द शुरू होगी हाइड्रोजन संचालित देश की पहली ट्रेन**

#### समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जींद जिले के समग्र एवं संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी प्रशासन सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों और विकासोन्मुखी नीतियों के परिणामस्वरूप जींद शहर आज मूलभूत सुविधाओं से संपन्न होकर प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, सड़क तंत्र, पेयजल, बिजली, खेल मैदान तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। डिप्टी स्पीकर रविवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि जींद की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए रेलवे अंडरपास, ओवरब्रिज, शहर वासियों को जल्द मिलने वाला भाखड़ा नहर आधारित पानी, एकलव्य स्टेडियम में बिछाए जा रहे सिंथेटिक ट्रेक, 300 बेडिड अस्पातल, रानी तालाब, शहर के अटल पार्क समेत अन्य पार्कों तथा चौक व चैराहों के सौंदर्यकरण, नया बस स्टेंड, शहर के बाईपास जयंती देवी मंदिर के पास नहर पर घाट के निर्माण, सीआरएसयू में हजारों करोड़ रुपये की लागत से नए भवनों का निर्माण तथा लॉ कोर्सिज, शहर में सड़कों के सुधारिकरण तथा सीवरेज व्यवस्थाए नई कॉलोनियों को अप्रूव्ड करने, अमृत सरोवरों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान करवाए गए हैं, जिनका फायदा जींद की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। जन समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से जन सुनवाई कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जा रहा है ताकि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जन सुनवाई के दौरान जींद विधानसभा सहित क्षेत्र के अन्य लोंगो ने भी सड़क, पेयजल, बिजली, सीवरेज, राजस्व तथा अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं और मांगें रखीं। डिप्टी स्पीकर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करते हुए पात्र लोगों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। सरकार आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर रामफल शर्मा, पार्षद बलवंत सिंह, राममेहर सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए छात्रों को एक सप्ताह का समय शेष



जींद। दाखिला आवेदन के लिए आए बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूजी कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल एक सप्ताह का समय बचा है। विद्यार्थी दाखिले के लिए 12 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य 18 जुलाई तक होगा। 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद 21 जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 22 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी।जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा। उनके पास 23 से लेकर 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद खाली सीट रहने पर 28 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल और 29 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगाए उनके पास 30 जुलाई से लेकर तीन अगस्त तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो चार अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

#### आवेदन के लिए सात दिन

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि अब 22 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा उनके पास 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। 12 जुलाई तक इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने दोबारा से नया शेड्यूल जारी किया है।

### राजौंद–पूंडरी मार्ग पर झुका पेड़ बना हादसों का कारण, राहगीरों में डर



**राजौंद।** राजौंद–पूंडरी मार्ग पर सड़क किनारे झुका हुआ एक बड़ा पेड़ राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बनता जा रहा है। पेड़ की शाखाएं सड़क के ऊपर तक झुकी हुई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पेड़ काफी समय से झुका हुआ है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से इसे हटाने या कटवाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि खासकर रात के समय यह पेड़ और अधिक खतरनाक हो जाता है, क्योंकि अंधेरे में वाहन चालकों को यह साफ दिखाई नहीं देता।

---

## फर्जी वसीयत तैयार कर उसे अदालत में पेश करने के आरोप में तीन नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ढांड थाना पुलिस ने फर्जी वसीयत तैयार कर उसे अदालत में पेश करने के आरोप में तीन नामजद और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मृतक की संपत्ति पर कब्जा करने और उसकी मां को कानूनी हिस्से से वंचित करने के उद्देश्य से फर्जी वसीयत तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत की गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव पबनावा निवासी राजबाला ने बताया कि उसके पुत्र रमेश कुमार की 10 सितंबर 2024 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बेटे की कैथल और कुरुक्षेत्र में कृषि भूमि व अन्य संपत्तियां थीं। उनकी मौत के बाद जब विरासत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू हुई तो उनकी पत्नी सुषमा रानी ने पहले विरासत पर रोक लगाने का आवेदन दिया, लेकिन उस समय किसी वसीयत का कोई उल्लेख नहीं किया। शिकायतकर्ता के अनुसार बाद में सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी-सह-एसडीएम कैथल की अदालत में चल रही विरासत संबंधी कार्यवाही के दौरान 29 मई 2026 को पहली बार 24 जुलाई 2024 की वसीयत पेश की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यह वसीयत पूरी तरह फर्जी, मनगढ़ंत और बाद में तैयार की गई है, ताकि शिकायतकर्ता को उसके वैधानिक अधिकार से वंचित किया जा सके। राजबाला ने आरोप लगाया कि हथलाना निवासी नवीन कुमार, सुषमा रानी और शामगढ़ निवासी राजबीर ने अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश के तहत फर्जी वसीयत तैयार की और उसका उपयोग अदालत में किया।

#### की जा रही जांच

शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
-**शक्ति सिंह** प्रभारी ढांड थाना

### मुर्रा भैंस दुग्ध प्रतियोगिता करवाई

**कलायत।** पशुपालन विभाग कैथल द्वारा पशुचिकित्सालय बालू के अंतर्गत गांव कैलराम में आयोजित मुर्रा भैंस दुग्ध प्रतियोगिता में स्थानीय पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य उच्च दुग्ध उत्पादन करने वाली मुर्रा नस्ल की भैंसों को प्रोत्साहित करना और पशुपालकों को उन्नत पशुपालन के लिए प्रेरित करना था। पशुपालन विभाग उप मंडल अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश और डॉ पवन बुरा ने बताया कि प्रतियोगिता में गांव कैलरम की मुर्रा भैंस ने सर्वाधिक 25.006 किलोग्राम प्रतिदिन दूध उत्पादन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता पशुपालक को पशुपालन विभाग की ओर से 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने पर उपस्थित पशुपालकों ने विजेता को बधाई दी।

## बायो गैस प्लांट मसले में दो सांसदों ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**हिसार और सोनीपत के सांसदों ने जनता की अनदेखी पर जताई कड़ी नाराजगी**



जींद। हिसार सांसद जय प्रकाश को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल, साथ में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।

जींद के रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट का मामला लोकसभा के आगामी सत्र में उठना लगभग तय हो चला है। सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के साथ-साथ हिसार सांसद जय प्रकाश ने भी रिहायशी क्षेत्र में बनाये गये बायो गैस प्लांट को सीधे तौर पर जनता के हितों के साथ कुठाराघात बताया है। रविवार को जींद में पहुंचे हिसार सांसद जय प्रकाश ने कहा कि जनता के हितों के लिए सदैव आवाज बुलंद की जाएगी। इस दौरान सफीदों के पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, वजीर गांगोली सहित अनेको नेता मौजूद थे। इस अवसर पर कई कॉलोनियों और कई गांव के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पार्षद प्रतिनिधि बलबीर श्योराण के नेतृत्व में हिसार सांसद जय प्रकाश को ज्ञापन सौंप कर बायो गैस प्लांट से निजात दिलवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में मास्टर सेवा सिंह, राकेश भनवाला, यशपाल रोहिल्ला सहित अनेको प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। इस दौरान हिसार और सोनीपत दोनों सांसदों ने बायो गैस प्लांट को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया जताई।

### मोहन राणा ने गोवंश सेवा एवं संरक्षण के लिए 8 एकड़ का हरा चारा दान में दिया



**कलायत।** कलायत के गांव बात्ता के युवा किसान मोहन राणा ने गौवंश सेवा एवं संरक्षण के लिए 8 एकड़ का हरा चारा दान में दिया है। इसमें गांव बात्ता के गोवंश के लिए 6 व 2 एकड़ का ज्वार कैथल स्थित राधाकृष्ण गौशाला के लिए उपलब्ध करवाया गया है। उनकी इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। मोहन राणा ने बताया कि गौ-सेवा भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि गावो विश्वस्य मातर अर्थात गाय पूरे विश्व की माता हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी आय का थोड़ा-सा हिस्सा भी गौ-सेवा के लिए समर्पित करे तो कोई भी बेसहारा गौ-माता भूखी नहीं रहेगी। गौवंश संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए मोहन राणा ने इस वर्ष अपने खेतों में उगाए गए पशु चारे में से 6 एकड़ का हरा चारा गांव बात्ता के गोवंश के लिए व 2 एकड़ का ज्वार राधाकृष्ण गौशाला को को दान किया है। उनके इस योगदान से गौशाला में रह रहे सैकड़ों गौवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था मजबूत होगी। राधाकृष्ण गौशाला प्रबंधन ने मोहन राणा का आभार व्यक्त किया।

## अलीशा चौधरी को एशियन गेम्स में मौका दिलाने के लिए सांसद जिंदल ने उठाई आवाज

- देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रतिभाओं के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने हरियाणा की होनहार बेटी एवं पूंडरी की अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी अलीशा चौधरी को 2026 एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिलाने के लिए जोरदार आवाज उठाई है। उन्होंने खेल मंत्री, भारतीय ओलंपिक संघ तथा संबंधित खेल संस्थाओं से मांग की है कि पात्र खिलाड़ियों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए। गौरतलब है कि पूंडरी की बेटी अलीशा चौधरी ने जून 2026 में इंडोनेशिया के बाली में आयोजित 22वीं एशियन सीनियर कराटे चैंपियनशिप के महिला कुमिते (55 किलोग्राम) वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। यह इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण पदक रहा, जिससे पूरे देश का गौरव बढ़ा। इसके बावजूद खेल मंत्रालय के पात्रता मानदंड पूरे करने के बाद भी अलीशा चौधरी के 2026 एशियन गेम्स के लिए चयन पर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका प्रमुख कारण यह है कि वर्तमान में भारत में कराटे का कोई मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ नहीं है, जिससे खिलाड़ियों के भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रतिभाओं के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। अलीशा चौधरी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी को एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का पूरा अवसर दिया जाए।

### एसआईआर कार्य समय से पूरा करने वाले सात बीएलओ हुए सम्मानित



जींद। अच्छा काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए एसडीएम

**नरवाना ।** लघु सचिवालय के सभागार में शनिवार को एसडीएम जगदीश चंद्र द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन बीएलओ को सम्मानित किया गया जिन्होंने निर्धारित समय से पहले अपने बूथों का कार्य पूरा कर मिसाल पेश की। बीएलओ संगीता ने बताया कि उनके पास दो आंगनबाड़ी केंद्रों का अतिरिक्त कार्यभार भी था, लेकिन इसके बावजूद एसआईआर कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई। गांव के लोगों ने पूरा सहयोग किया, जिसके चलते उन्होंने बूथ नंबर 117 पर 680 मतदाताओं का कार्य मात्र 16 दिनों में पूरा कर लिया। बीएलओ मनजीत ने बताया कि उन्होंने बूथ नंबर 167 का कार्य 18 दिनों में पूरा किया।

### युवाओं को रोजगार और किसानों को उनका हक दिलाना ही इनेलो की प्राथमिकता: गोगी



रामप्रकाश गोगी।

**पूंडरी ।** वरिष्ठ इनेलो नेता रामप्रकाश गोगी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनेलो हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में इनेलो ने सरकारी भर्तियों में कथित अनियमितताओं और हरियाणा के युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। पार्टी का मानना है कि योग्य प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** श्री रामचंदर बिमला देवी मेमोरियल ट्रस्ट बरसाना ने लगाया पहला रक्तदान शिविर

# शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया

- रक्त दान से जरूरतमंद की बचाई जा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






जींद। रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाती हुई मनीषा बरसाना एवं रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मनीषा बरसाना। फोटो : हरिभूमि

समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए श्री रामचंदर बिमला देवी मेमोरियल ट्रस्ट बरसाना द्वारा युवा विकास समिति के सहयोग से गांव बरसाना में पहले रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। ग्रामीणों युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस जनसेवा अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामचंदर बिमला देवी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष मनीषा बरसाना ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दशरथ गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश, सोहन और राजेंद्र सोनी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि ट्रस्ट द्वारा गांव में पहली बार निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया था। ट्रस्ट लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्य कर रहा है।

नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर एवं ट्रस्ट की अध्यक्ष मनीषा बरसाना ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त की एक बूंद बीमार व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। उन्होंने कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। मुख्य अतिथि दशरथ गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश, सोहन और राजेंद्र सोनी ने कहा कि रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि रक्तदान का शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इसलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

रक्तदान एक महादान है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए सभी से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। ट्रस्ट की अध्यक्ष मनीषा बरसाना ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, मेडिकल टीम, युवा विकास समिति, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदीप, प्रवीण सैनी, हरिमोहन भारद्वाज, जगमोहन भारद्वाज, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।